आलू हुआ बेमोल, किसान बोले दिया जाए भाड़ा अनुदान

जासं, आगरा: आलू खोदाई के वक्त व्यापारी किसान के खेत की मेड़ पर मोल-भाव करता फिरता था। इस बार तो खेत की मेड़ छोड़िए मंडियों में भी भाव नहीं मिल रहा है। मजबूरी में किसान कोल्डस्टोरेज में आलू जमा करने को मजबूर हो रहा है।

किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने कहा कि आलू किसान परेशान हैं। उन्हें लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। खुद किसान व्यापारियों से संपर्क कर रहे हैं तो 250 से 300 रुपये प्रति बैग कीमत लगा रहे हैं। इतने में तो लागत मूल्य तक नहीं निकल पा रही है। उन्होंने कहा कि पहले आलू को मलेशिया, भूटान और नेपाल में भेजा गया है, तो इस बार भी किसानों को घाटे से बचाए जाने के लिए आलू का निर्यात किया जाना चाहिए। वहीं किसानों को एक से दूसरी मंडी में आलू ले जाने पर परिवहन (भाड़ा) अनुदान भी दिलाया जाए, जिससे किसान अपना आलू घाटे से बच सके। उप निदेशक मंडी परिषद अनिल कुमार से मांग की है कि किसान हित में अविलंब शासन को प्रस्ताव भेजा जाए।

भारतीय खादी ग्राम सेवा संस्थान, कंथरी, शिकोहाबाद, जिला- फिरोजाबाद

निविदा सूचना

संस्था भारतीय खादी ग्राम सेवा संस्थान को खादी उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रुई वजन 145 कुंतल व 30 कुंतल देशी ऊन की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी/कॉर्पोरेशन/पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेंडर/निविदा दिनांक 18.03.2026 तक संस्था के मुख्यालय पर जमा करा सकती है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

सचिव
भारतीय खादी ग्राम सेवा संस्थान कंथरी
शिकोहाबाद, जिला- फिरोजाबाद
मोबाईल न0 - 9412623410, 9411234571, 8954111137

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना 10/2026 दिनांक : 05.03.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

निविदा संख्या : 13256057C	मात्रा : 1272 Nos
विवरण : एस.एस. बेंच 304 ग्रेड आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ।	
ईएमडी (रु.) : 657800/-	निविदा खुलने की तिथि : 27.03.2026

नोट : 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण - IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें । 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्तक्षरित होने चाहिए। 5. ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650-एवं बयाना राशि (ई.म.डी.) जमा करने के लिये विनिधान विविध भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 503/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या - 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/622 दिनांकः 03.03.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-1011-2026	
कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के बिदनपुर (BDNP) और कटोघन (KTCE) स्टेशन पर 3.10M चौड़े नए FOB के प्रावधान के कारण 25 केवी ओएचई में संशोधन का कार्य (2nd Call)।	
अनुमानित लागत : रु0 96,00,182.59	बिड सुरक्षा राशि : रू0. 1,92,000.00
कार्य अवधि : 12 महीना	बोली प्रणाली : एक पैकेट
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 27.03.2026, 14.00 बजे	
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 27.03.2026, 15:00 बजे	

नोटः- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 499/26(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग फिरोजाबाद

पत्रांक-384/2ए0 **अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक – 21/02/2026

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फिरोजाबाद द्वारा लोक निर्माण विभाग में मार्ग निर्माण कार्य में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 4 को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2.

क्र0 सं0	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रु0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय	अधि.अभि. के कार्यालय का पता	अधी. अभि. के कार्यालय का पता	मुख्य अभि. कार्यालय का पता	ठेकेदारों की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	फिरो0	कन्थरी लिंक मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	3.60	0.36	500+150+117 (Rs. 767.00)	02 Month	कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 फिरोजाबाद	अधीक्षण अभियन्ता, मैनपुरी वृत्त, लो0नि0वि0 मैनपुरी	मुख्य अभियन्ता आगरा क्षेत्र, लो0नि0वि0 आगरा	ABCD
2	फिरो0	पिड़सरा से नगला धनुआ मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	12.00	1.20	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
3	फिरो0	ग्राम नगला जयराम से नगला हवरंश मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	11.00	1.10	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
4	फिरो0	रा0मा0-2 के कि0मी0-280 ग्राम शेखूपुर मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	12.70	1.27	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
5	फिरो0	खंजरपुर नसीरपुर बस्ई मोहम्मदपुर मार्ग के कि0मी0-3 से सोनपाल मठ मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	6.00	0.60	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
6	फिरो0	बैरई से चैरई गैलई होते हुये असमराजट मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	28.50	2.85	500+300+144 (Rs. 944.00)	02 Month				ABCD
7	फिरो0	नगला ऊमर से नगला जबाहर होते हुये उवटी रजवाह बम्बा तक मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	12.30	1.23	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
8	फिरो0	नहर पुल से नगला भीमसेन मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	14.90	1.49	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
9	फिरो0	एटा शिकोहाबाद मार्ग से डिवाइची मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	5.40	0.54	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
10	फिरो0	सिरसांज अरांव मार्ग से अरांव रेलवे स्टेशन मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	4.20	0.42	500+150+117 (Rs. 767.00)	02 Month				ABCD
11	फिरो0	अरांव पैंगू से नगला नरैनी रेलवे स्टेशन से प्राइमरी स्कूल से हायर सैकेन्ड्री स्कूल पर नवीनीकरण का कार्य।	13.60	1.36	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
12	फिरो0	नहर पुल से खौरई प्राइमरी पाठशाला खौरई तक मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	20.00	2.00	500+300+144 (Rs. 944.00)	02 Month				ABCD
13	फिरो0	जायमई से नगला भाऊ मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	13.90	1.39	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
14	फिरो0	कुतुकपुर रजौरा मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	11.10	1.11	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
15	फिरो0	मैनपुरी सिरसागंज मार्ग से नगला अतिया मार्ग का शेष भाग में नवीनीकरण का कार्य।	12.00	1.20	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
16	फिरो0	फिरोजाबाद दतावली मार्ग से नगरिया मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	11.60	1.16	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
17	फिरो0	फिरोजाबाद दतावली मार्ग से आलमपुर आनन्दीपुर मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	12.00	1.20	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
18	फिरो0	रसीदपुर कनैटा मार्ग से जमालपुर मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	13.70	1.37	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
19	फिरो0	लोहिया ग्राम मटसैना के मजरे उमराव का पुरा मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	11.10	1.11	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
20	फिरो0	मक्खनपुर नसीरपुर मार्ग से खुशालपुर मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	15.90	1.59	500+300+144 (Rs. 944.00)	02 Month				ABCD
21	फिरो0	मक्खनपुर नसीरपुर मार्ग से गलामई मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	13.60	1.36	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD
22	फिरो0	बदनपुर सलेमपुर करखा से रानीपुरा मार्ग पर नवीनीकरण का कार्य।	11.00	1.10	500+225+131 (Rs. 856.00)	02 Month				ABCD

3. कार्य को पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
4. बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स ऑनलाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक 09.03.2026 से 16.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक 16.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जायें एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टैक्निकल बिड दिनांक 16.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेंगी।
5. निविदादाता द्वारा दरें जी0एस0टी रहित अंकित की जानी है, भुगतान के समय लागू दरों पर नियमानुसार जी0एस0टी0 देय होगी।
6. शासनादेश संख्या-317/तेईस-2-2018-176 सं0/2006 टी0सी0-1 दि0 10.04.2019 के अन्तर्गत धरोहर धनराशि कॉलम सं0-5 के अनुसार तथा निविदा शुल्क कॉलम सं0-6 के अनुसार भुगतान ऑनलाइन (नैट बैंकिंग) द्वारा किया जायेगा।
7. उपरोक्त कार्यों की निविदा प्रक्रिया उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित प्रहरी ऐप के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 फिरोजाबाद

UP-247282 दिनांक 05.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

रांची सेंट्रल जेल से संदिग्ध आतंकी को मतांतरण मामले में आगरा लाई पुलिस

आतंकियों से भी जुड़े थे मतांतरण गिरोह के तार, सरगना के संपर्क में था अयान जावेद

जासं, आगरा: सदर क्षेत्र की सगी बहनों के मतांतरण मामले में एक और बड़ा राजफाश हुआ है। मतांतरण गिरोह के सरगना अब्दुल रहमान, आयशा और रहमान कुरैशी के तार आतंकियों से भी जुड़े थे। झारखंड की रांची सेंट्रल जेल में आतंकी गतिविधियों के आरोप में बंद अयान जावेद को आगरा पुलिस बी वारंट पर लाई है। अयान और उसकी पत्नी समेत चार आरोपितों को झारखंड एटीएस ने अप्रैल 2025 में धनबाद से जेल भेजा था। वह जार्डन के प्रतिबंधित संगठन हिज्ब उल तहरीर (एचयूटी) और अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़ा था।



मतांतरण मामले में रांची सेंट्रल जेल से बी वारंट पर लाया गया अयान जावेद ● सौ. पुलिस

अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि सदर क्षेत्र की सगी बहनों समेत आधा दर्जनों युवतियों को पिछले वर्ष जून में मतांतरण गिरोह से मुक्त कराया था। इस दौरान पुलिस ने बंगाल के कोलकाता, दिल्ली, हरियाणा व उत्तराखंड समेत छह राज्यों में दबिश दी थी। मुख्य आरोपित दिल्ली निवासी अब्दुल रहमान, गोवा निवासी आयशा, शाहगंज आगरा निवासी रहमान कुरैशी समेत 13 आरोपितों को जेल भेजा था। विवेचना के दौरान अयान जावेद का नाम सामने आया था। देहरादून की एक युवती उसके संपर्क में थी। अयान जावेद के उसको 200 से अधिक बार बातचीत हुई थी।

पुलिस ने अयान जावेद की छानबीन की तो वह संदिग्ध आतंकी निकला। झारखंड एटीएस ने अप्रैल 2025 में अयान जावेद, उसकी पत्नी शबनम के अलावा गुलफाम हसन और शहजाद आलम को धनबाद से गिरफ्तार किया था। चारों आरोपित रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। अयान जावेद को पूछताछ के लिए पुलिस शुक्रवार को बी वारंट पर आगरा लेकर आयी।

आरोपित अयान को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, एक दिन की कस्टडी रिमांड स्वीकृत हुई है। आरोपित को शनिवार को भी न्यायालय ने तलब किया है। मतांतरण के मुकदमे की विवेचना में पूछताछ के लिए आरोपित अयान जावेद को रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में शनिवार को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि संदिग्ध आतंकी अयान जावेद से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती हैं।

कोलकाता से बरामद हुई थीं सगी बहनें

सदर क्षेत्र की रहने वाली सगी बहनों को जून 2025 में पुलिस ने कोलकाता के मुस्लिम बाहुल्य तपसिया इलाके से बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने छह राज्यों में दबिश दी थी। इसमें मतांतरण गिरोह के तार हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर नेपाल तक जुड़े होने की जानकारी मिली थी। गिरोह ने कई शहरों और राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों का मतांतरण कराया था। गिरोह को विदेशों से फंडिंग की भी जानकारी मिली है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया, रहमान कुरैशी के माध्यम से सरगना से जुड़ा

जासं, आगरा: पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि 22 वर्ष का अयान जावेद इंटरनेट मीडिया के माध्यम से दो वर्ष पहले शाहगंज आगरा निवासी रहमान कुरैशी के संपर्क में आया था। उसके माध्यम से वह मतांतरण गिरोह के सरगना अब्दुल रहमान और आयशा के संपर्क में आया। अयान जावेद ने पुलिस को बताया कि कोविड के बाद उसके जीवन में बदलाव आया। वह बीसीए का छात्र था, पढ़ाई बीच में छोड़ दी। वह इंटरनेट पर पाकिस्तानी तारीफ जमील और इसरार अहमद और जाकिर नाइक के वीडियो और भाषण सुनने लगा। उसे लगा उसे इस्लाम के लिए कुछ करना चाहिए। इसके बाद वह प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ गया। इसी दौरान उसकी मुलाकात रहमान कुरैशी, अब्दुल रहमान और आयशा से हुई थी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मैनपुरी

पत्रांकः 307/5ए **अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 24.02.2026

(द्वितीयबार निविदा आमंत्रण)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के ए, बी, सी एवं डी श्रेणी मे मार्ग कार्य में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

2.

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5		7
वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण योजनान्तर्गत विभागीय प्लान्ट द्वारा						
1	मैनपुरी	शिकोहाबाद भोगॉव मार्ग से नं0 गडरियन नं0 इमलिया खर्रा सिरसागंज मार्ग	16.00	1.60	500+ 300 +GST=944	2 माह
2	मैनपुरी	कीरतपुर बरनाहल मार्ग से डूडीवरी मार्ग	12.80	1.28	500+ 225 +GST=856	2 माह
वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण योजनान्तर्गत						
1	मैनपुरी	कुवॅर शहादतपुर से वेलाहार, लखौरा औछा मार्ग से नं0 कन्ही मार्ग, लखौरा औछा मार्ग से नं0 केहरी मार्ग एवं गोपालपुर से बिछिया मार्ग	14.70	1.47	500+ 225 +GST=856	2 माह
2	मैनपुरी	जुन्हैसा सम्पर्क मार्ग से इमलिया मार्ग	16.20	1.62	500+ 300 +GST=944	2 माह
3	मैनपुरी	शिकोहाबाद भोगॉव मार्ग से नं0 तारा मार्ग	12.10	1.21	500+ 225 +GST=856	2 माह
4	मैनपुरी	नं0 धोकल सम्पर्क मार्ग	15.20	1.52	500+ 300 +GST=944	2 माह
5	मैनपुरी	लेखराजपुर कसद मार्ग से नं0 कुन्द मार्ग	10.10	1.01	500+ 225 +GST=856	2 माह
6	मैनपुरी	नगला सोती मार्ग से नं0 सुम्मेर मार्ग	15.10	1.51	500+ 300 +GST=944	2 माह

3 कार्य को पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
4 बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.03.2026 से 13.03.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से प्रहरी के माध्यम से खोली जायेंगी।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(डी0सी0 भूकेश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मैनपुरी

UP-247305 दिनाँक 05.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय मुख्य अभियन्ता (पा0द0प0), आगरा
जैम बिड संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. जैम बिड संख्या- Gem/2026/B/7267160 - 220 केवी उपकेन्द्र पनकी, कानपुर हेतु Fitting, Clamp & Connectors इत्यादि को क्रय करने हेतु । धरोहर राशि रू0 17,400.00 मात्र। निविदा जैम पोर्टल पर स्वीकार करने की अन्तिम तिथि एवं समय-16.03.2026 समय 15:00 बजे तक।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र- जैम पोर्टल पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ जैम पोर्टल पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

राष्ट्रहित में बिजली बचाए
(शैलेश गुप्ता)
मुख्य अभियंता (पा0द0प0)

पत्रांक: 662/Gem/2026/B/7267160दिनांक 6.3.2026

शंकर सेठ ने वन विभाग के नाम की 9.46 हेक्टेयर भूमि

> सेंट्रल इम्पावर्ड कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में जमा की अनुपालन रिपोर्ट, मथुरा के डालमिया बाग में काटे गए थे बिना अनुमति के 454 पेड़

जागरण संवाददाता, आगरा: मथुरा के डालमिया बाग में सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना 454 पेड़ काटने के मामले में आरोपित शिवशंकर अग्रवाल उर्फ शंकर सेठ ने प्रतिपूरक पौधारोपण को वन विभाग के नाम भूमि की रजिस्ट्री कर दी है। प्रतिपूरक पौधारोपण में 9080 पौधे रोपने को उसने वन विभाग को मांट तहसील के बिजौली खादर में 9.217 हेक्टेयर और मांट मूला ग्राम पंचायत में 0.243 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई है। सुप्रीम कोर्ट में सेंट्रल इम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट नंबर चार से यह जानकारी सामने आई है। वन विभाग द्वारा भूमि पर पौधारोपण करने और संरक्षित वन क्षेत्र की अधिसूचना किए जाने के बाद सीईसी पुनः रिपोर्ट दाखिल करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने ताज ट्रेपेजियम जोन में पेड़ काटने पर रोक लगा रखी है। वर्ष 2024 में मथुरा के डालमिया बाग में 422 और संरक्षित वन क्षेत्र में 32 पेड़ काट दिए गए थे। आगरा के डा. शरद गुप्ता और मथुरा के राम औतार ने सुप्रीम कोर्ट में बिना अनुमति पेड़ काटकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। प्रतिपूरक पौधारोपण में 9080 पौधे रोपे जाने और आरोपित द्वारा पौधारोपण को उपलब्ध कराई गई भूमि को संरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने का आदेश किया था। शिव शंकर अग्रवाल ने 21 अप्रैल, 2025 को 4.54 करोड़ रुपये का जुर्माना जमा किया था। छह जनवरी को प्रतिपूरक पौधारोपण के लिए वन विभाग के नाम 9.46 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री की। 19 जनवरी को प्रतिपूरक पौधारोपण और पौधों की 10 वर्ष तक सुरक्षा व देखरेख के लिए 2.55 करोड़ रुपये और 20 जनवरी को 52.03 लाख रुपये वन विभाग में जमा कराए। वन विभाग उपलब्ध कराए गए स्थान पर मानसून में पौधे रोपेगा।

पर्यावरण कार्यकर्ता डा. शरद गुप्ता ने बताया कि डालमिया बाग और माथुर फार्म हाउस के मामले में बिना अनुमति पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई की नई लकीर खींची। इससे पूर्व पेड़ काटने पर मामूली जुर्माना होता था। सुप्रीम कोर्ट ने एक लाख रुपये प्रति पेड़ का जुर्माना निर्धारित करने के साथ ही निजी भूमि पर पौधारोपण कराकर उसे संरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने की प्रक्रिया तय की।

एक माह में उखड़ी नहर पटरी की सड़क, शिकायत पर कराई मरम्मत



एक माह में उखड़ी नहर पटरी की सड़क को सही करते मजदूर ●

संसू, जागरण ● किरावली: विकास खंड अकोला क्षेत्र में गांव रोझौली से बसेरी चाहर के नगला मृदंगी तक नहर की पटरी पर बनाई गई करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज एक माह बाद ही उखड़ने लगी। जनवरी माह में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए थे।

किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह, सत्यवीर चाहर, गंगाराम माहौर, मुकेश सविता, सोनू चौधरी और अरविंद चौधरी ने सात फरवरी को तहसीलदार किरावली को ज्ञापन देकर सड़क मरम्मत कार्य में अनियमितता और धांधली का आरोप लगाया था। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को सड़क की दोबारा मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश के बाद गुरुवार को उखड़ी हुई नहर पटरी सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखाः लॉयर्स कॉलोनी, आगरा
मो- 8477009336

ई-नीलामी सूचना

[परिशिष्ट IV-A (नियम 8(6) एवं 6(2) के लिए प्रावधान]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** के पास गिरवी/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर विक्रय की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर के नाम व पते	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (रु)	सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य (रु) / ईएमडी (रु) / बोली वृद्धि राशि (रु)
1.	**ऋणी**- मेसर्स फ्लेक्सो फुटवियर, एक प्रोप्राइटरशिप फर्म, अपने प्रोपराइटर श्री मेराजुद्दीन पुत्र श्री सहाबुद्दीन के माध्यम से, पता- 15/42, सोरो कटरा, शाहगंज, आगरा, गारंटर- श्री सुहैल अहमद पुत्र सहाबुद्दीन	26.05.2025 / 37,01,142.04 + ब्याज व अन्य खर्चे	1. साम्यिक बंधक संपत्ति प्लॉट नंबर 9, खसरा नंबर 390 स्थित मौजा अभयपुरा, तहसील एवं जिला आगरा, एरिया: 167.22 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री मेराजुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन एवं श्री सुहैल अहमद पुत्र श्री सहाबुद्दीन के नाम, चौहद्दी: पूर्व- प्लॉट नंबर 8, पश्चिम- अन्य प्लॉट, उत्तर- विक्रेता की ज़मीन, दक्षिण- 09 मीटर चौड़ा रास्ता 2. साम्यिक बंधक संपत्ति प्लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 390 स्थित मौजा अभयपुरा, तहसील एवं जिला आगरा, एरिया: 165.18 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री मेराजुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन एवं श्री सुहैल अहमद पुत्र श्री सहाबुद्दीन के नाम, चौहद्दी: पूर्व- क्रय किया गया प्लॉट, पश्चिम- इमरान का प्लॉट, उत्तर- लक्ष्मी एवं अन्य की संपत्ति, दक्षिण- 09 मीटर चौड़ा रास्ता **संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 21.03.2026 दोपहर 02.00 से सायं 04.00 बजे तक**	सांकेतिक	59,76,000/- / 5,97,600/- / 10,000/-
क्रम सं. 1 के लिए, ई-नीलामी दिनांक : 24.03.2026, समय : दोपहर 2:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक					
2.	**ऋणी**- श्री राजेश कुमार पुत्र मुरारी लाल एवं श्री शुभम गुप्ता पुत्र राजेश कुमार	15.10.2025 / 46,18,581.27 + ब्याज व अन्य खर्चे	1. साम्यिक बंधक अंचल संपत्ति स्थित मकान नंबर 11, खसरा नंबर 1920 का भाग, कृष्णा आकृति नई आबादी कृष्णा एन्क्लेव के पास, मौज़ा नराईच, तहसील एत्मादपुर एवं ज़िला आगरा, एरिया: 96.61 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री राजेश कुमार पुत्र मुरारी लाल एवं श्री शुभम गुप्ता पुत्र राजेश कुमार के नाम, चौहद्दी: पूर्व- मकान नंबर 12, पश्चिम- मकान नंबर 10, उत्तर- 9.00 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण- कृष्णा रेजीडेंसी कॉलोनी **संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 08.04.2026 दोपहर 02.00 से सायं 04.00 बजे तक**	सांकेतिक	44,75,000/- / 4,47,500/- / 10,000/-
क्रम सं. 2 के लिए, ई-नीलामी दिनांक : 10.04.2026, समय : दोपहर 2:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक					

इच्छुक बोलीदाता ईएमडी राशि पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से केवल एनईएफटी/यूपीआई/क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के द्वारा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

बैंक की जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर भार का विवरण - ज्ञात नहीं है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e&auction.htm देखें/जाएं एवं https://www.baanknet.com साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल 8477009336 पर संपर्क कर सकते हैं।

सांकेतिक कब्जे वाली संपत्ति के लिए बैंक नीलामी क्रेता को सांकेतिक रूप से ही संपत्ति का कब्जा सौंप देगा।

नियमों और शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए **यहाँ स्कैन करें**

सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 15/30 दिनों की बिक्री सूचना

इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(रों) के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत 15/30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।

स्थानः आगरा दिनांक : 07-03-2026 प्राधिकृत अधिकारी

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अरांव (फिरोजाबाद)

पत्रंक 1464/लेखा/निविदा प्रकाशन/2025-26/ दिनांक 06.03.25

निविदा

अति अल्प कालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत अरांव जनपद फिरोजाबाद को केन्द्रीय पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि एवं धन आने की प्रत्याशा में निम्नानुसार निर्माण कार्यों हेतु उनके सम्मुख अंकित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री की आवश्यकता है जिसकी आपूर्ति हेतु कार्य स्थल पर पंजीकृत ठेकेदारों एवं आपूर्ति कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इच्छुक निविदादाता दिनांक 06.03.25 से निविदा मूल्य के अनुसार भुगतान कर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अरांव से प्राप्त किये जा सकते है साथ ही निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। तथा दिनांक 17.03.2026 तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अरांव में मुहरबंद लिफाफे में 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उमी दिवस अपराह्न 2:00 बजे गठित समिति के द्वारा निविदादाता एवं उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि की धरोहर राशि का बैंक एफ.डी.आर. जो अधोहस्ताक्षरी के पद नाम बंधक कर जमा करनी होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	2% धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1	केरावली मार्ग की तरफ से सरकारी बगिया तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य।	9.98	20000.000	1000.00	3 माह
2	ग्राम पंचायत करहरा में बारात घर से ग्रामिनी गौ एम्पोवेरिंग रूरल इंडिया तक से सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य।	9.98	20000.000	1000.00	3 माह
3	ग्राम पंचायत करहरा में महावीर के घर से अनिल के घर तक से सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	9.99	20000.000	1000.00	3 माह
4	ग्राम पंचायत करहरा में भूपसिंह के घर से सुरेशचन्द्र के घर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	9.98	20000.000	1000.00	3 माह
5	ग्राम पंचायत खेरिया मशाहतपुर में हरप्रसाद के घर से जगननाथ के घर तक सी.सी. एवं नाली का निर्माण कार्य	6.75	13000.000	700.00	3 माह
6	ग्राम पंचायत करहरा में सुरेश चन्द्र के घर से लायक सिंह के मकान तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य।	9.98	20000.000	1000.00	3 माह
7	ग्राम पंचायत करहरा में सुदान सिंह के घर से मुकेशपाल के घर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	9.98	20000.000	1000.00	3 माह
8	ग्राम पंचायत करहरा में मुकेशपाल के घर से देवेन्द्र के खेत तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	9.86	20000.000	1000.00	3 माह
9	ग्राम पंचायत करहरा में देवेन्द्र के खेत से रामबाबू के घर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	9.91	20000.000	1000.00	3 माह
10	ग्राम पंचायत करहरा में रामबाबू के मकान से सामोर बाबा धाम की तरफ तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	8.30	17000.000	900.00	3 माह
11	किरावली मार्ग की तरफ से सुरेशचन्द्र के घर तक आर.सी.सी. नाला का निर्माण कार्य	9.26	19000.000	1000.00	3 माह
12	ग्राम पंचायत करहरा में मुकेशपाल के घर से पुलिया तक आर सी.सी. नाला का निर्माण कार्य	7.24	15000.000	800.00	3 माह

नोट- 1. फर्म को किसी भी विभाग में पंजीकृत होना अतिआवश्यक है।
2. फर्म को निविदा के साथ उक्तानुसार धरोहर राशि का बैंक एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी अरांव के पक्ष में बन्धक कर जमा करनी होगी ।
3. फर्म को निविदा के साथ पंजीकरण हैसियत चरित्र आयकर जी.एस.टी पैनकार्ड टिन0 आदि की फोटो प्रति साथ में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म के प्रमाण पत्रों के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
5. फर्म को आदेश प्राप्त होने के तिन दिवस के अन्दर कार्यस्थल पर आपूर्ति मानक एवं गुणवत्ता के अनुरुप करनी होगी ।
6. आपूर्ति सामग्री कम अथवा अधिक आवश्यकतानुसार हो सकती है।
7. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
8. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय केन्द्र फिरोजाबाद होगा ।

खण्ड विकास अधिकारी
अरांव, (फिरोजाबाद)